कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नया रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,
E-mail- cgvyapam@gmail.com, Website- cgvyapam.choice.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2018 / 1808 रायपुर, दिनांक 07/08/2018

प्रेस विज्ञप्ति

संयुक्त भर्ती परीक्षा –2018
(सहायक ग्रेड–3, डाटाएंट्री ऑपरेटर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, स्टेनोग्राफर (हिन्दी / अंग्रेजी) एवं स्टेनो टायपिस्ट (हिन्दी) पदों हेतु)

ऑनलाइन आवेदन करने के संबंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा दिनांक **30.09.2018** (रविवार) को निम्नलिखित विभागों – (1) तकनीकी शिक्षा विभाग, (2) नगर सेना एवं नागरिक सुरक्षा, (3) श्रमायुक्त कार्यालय, (4) संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन (वित्त), (5) राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण, (6) छ.ग. राज्य निर्वाचन आयोग, (7) छ.ग. राज्य सूचना आयोग, (8) उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, (9) संचालनालय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष), (10) चिकित्सा शिक्षा, (11) माध्यमिक शिक्षा मण्डल, (12) छ.ग. पर्यावरण संरक्षण, (13) एन्टी करप्शन ब्यूरो, (14) छ.ग. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, (15) छ.ग. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, (16) जनसंपर्क विभाग, (17) लोक शिक्षण संचालनालय, (18) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रस्ताव पर **सहायक ग्रेड–3, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, स्टेनोग्राफर (हिन्दी / अंग्रेजी) एवं स्टेनोटायपिस्ट (हिन्दी)** के रिक्त पदों पर **संयुक्त भर्ती परीक्षा** आयोजित की जावेगी । इस हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर के वेबसाइट **cgvyapam.choice. gov.in** पर दिनांक **07.08.2018** से छ.ग. के स्थानीय निवासियों से निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है :–

1.	परीक्षा की तिथि	–	**30 सितंबर 2018 (रविवार)**
2.	परीक्षा का समय :	–	
(i)	सहायक ग्रेड–3, डाटाएंट्री ऑपरेटर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर		पूर्वान्ह 9:00 बजे से 12:15 बजे तक
(ii)	स्टेनो टायपिस्ट (हिन्दी), स्टेनोग्राफर (हिन्दी / अंग्रेजी) (कॉमन पेपर)		अपरान्ह 1:30 से 4:15 बजे तक
(iii)	स्टेनो टायपिस्ट (हिन्दी), स्टेनोग्राफर (हिन्दी)		4:20 से 5:10 बजे तक
(iv)	(3) स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी)		5:20 से 6:10 बजे तक
3.	ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि	–	07.08.2018 (मंगलवार)
4.	ऑनलाइन आवेदन पत्र भर कर ऑनलाइन परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि	–	04.09.2018 (मंगलवार), रात्रि 11:59 बजे तक
5.	व्यापम की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि	–	24.09.2018 (सोमवार)
6.	परीक्षा केन्द्र : 05 संभागीय मुख्यालयों में	–	**अम्बिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, रायपुर**

ऑनलाइन आवेदन करने की विधि, ऑनलाइन परीक्षा शुल्क भुगतान की विधि, भर्ती नियम, विभाग द्वारा जारी विज्ञापन, पाठ्यक्रम आदि का अवलोकन व्यापम की उक्त वेबसाइट पर किया जा सकता है । कृपया उक्त विज्ञप्ति परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

(डॉ. प्रदीप चौबे)
सलाहकार
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर

AGDO18 & SGST18 EXAM -PRESS VIGYAPTI -2018